## Second worksheet

**प्रश्न १** **बोधन – Comprehension** **अंक १०**

**दिए गए बोधन को ध्यान से पढ़िए ।**

पानी अमृत है । हमारे शरीर का दो-तिहाई भाग पानी है, धरती का तीन-चौथाई भाग पानी है और तरबूज में तो 98 प्रतिशत पानी है ।

अपनी दिनचर्या में झाँको । पानी का नित्य प्रति के जीवन में बहुत उपयोग है । तुम पानी पीकर अपना प्यास बुझाते हो । माँ रसोई घर में सभी काम पानी की सहायता सेकरती है। चाय बनाना सब्जी धोना, उसे पकाना, आटा गूँथना, बर्तन साफ करना, क्या यह सब पानी के बिनासम्भव है ? घर की सफाई, कपड़े धोना, ब्रश करना, नहाना, ये सारी क्रियाएँ पानी की सहायता से ही होती है । बिना पूर्व-सूचना के नल चार पाँच घण्टे के लिए बन्द हो जाए तो कितनी मुसीबत आती है ।

पानी जीवन का आवश्यक तत्व है । मनुष्य, पशु-पक्षी, पौधे, जितने भी जीवित पदार्थ हैं, सबके लिए पानी आवश्यक है । तुम किसी गमले को उठाकर कमरे में रख लो । चार दिन तकउसमें पानी न डालो तो पौधा मुरझा जाएगा । पानी से ही धरती नरम और उपजाऊ बनती है । तभी किसान वर्षा के बाद उसमें हल चलाकर खेती कर पाता है । पौधों को बड़ा करने के लिए भी पानी की आवश्यकता होती है ।

पहले भारतीय किसान सिंचाई के लिए पूरी तरह वर्षा पर निर्भर था । **स्वतन्त्रता** के बाद लगभग सभी बड़ी नदियाँ पर बाँध बनाए गए हैं । इससे बाढ़ के विनाशकारी पानी को रोक लिया जाता है और उसे निर्माण कार्यों में लगाया जाता है ।पानी को उँचाई से गिरा कर बिजलीका उत्पादन भी किया जाता है। नहरें निकाल कर पानी के बहाव की दिशा को मोड़ दी जाती है । उन स्थानों पर पानी उपलब्ध करवाया जाता है जहाँ इसका घोर अभाव है । जैसे सतलज नदी से इन्दिरा गाँधी नहर निकाल कर राजस्थान की मरुभूमि को पानी दिया गया है ।
पानी में जीवन देने की शक्ति है । यद्यपि प्रकृति ने पानी के अक्षय भंडार हमें दिए हैं किन्तु फिर भी शुद्ध पानी की अधिकता नहीं है । हमारे घरों के नलों मेंजो पानी आता है वह शुद्ध किया हुआ होता है । उसे व्यर्थ नहीं बहाना चाहिए ।

पानी को प्रदूषित होने से बचाना भी हमारा कर्तव्य है ।गाँवों में अभी भी जिस कुएँ से पीने कापानी लिया जाता है, उसी कुएँ के आस-पास मल मूत्र त्यागने एवम् कपड़े आदि धोने का कार्यभी किया जाता है । ऐसा करने से कुएँ का पानी **दूषित** हो जाता है । दूषित पानी पीने से

| |
|---|
| हैज़ा, टायफायड आदिरोग होने की संभावना होती है । |

**अ.उत्तर पुस्तिका में दिए गए सही जवाब के बगल वाले अक्षर पर गोलाकार निशान बनाइए ।**

**(अंक-५)**

१. धरती का कितना भाग पानी है ।

क. आधा

ख. दो तिहाई

ग. तीन चौथाई

घ. एक चौथाई

२. हमारे शरीर का कितना भाग पानी है ?

क. आधा

ख. दो तिहाई

ग. 50 प्रतिशत

घ. 98 प्रतिशत

३. 98 प्रतिशत पानी किस फल में पाया जाता है ?

क. पेड़

ख. आम

ग. सब्जी

घ. तरबूज

४. पहले भारतीय किसान अपना खेत कैसे सींचता था ?

क. वर्षा के पानी से

ख.  नदी के पानी से

ग.  कुएँ के पानी से

घ.  नल के पानी से

५. पंक्ति 14 में 'स्वतन्त्रता' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ।

क.  दु:ख

ख.  सुख

ग.  आज़ादी

घ.  गुलामी

**आ.  इन प्रश्नों के उत्तर पूरे वाक्य में अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।  (अंक–५)**

६. इन्दिरा गाँधी नहर किस नदीं से निकाली गई है ।  अंक १

७. घरों के नलों में जो पानी आता है, वह कैसा होता है ?  अंक १

८. कुएँ का पानी कैसे दूषित हो जाता है ?  अंक १

९. प्राणी जीवन के लिए पानी क्यों आवश्यक माना गया है ?  अंक १

१०. दूषित पानी पीने से कौन सी बीमारियाँ पैदा होती हैं ?  अंक १

**प्रश्न २** **भाषा** **अंक २०**

**व्याकरण और प्रयोग**

**क.** दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर इन वाक्यों को पूरा कीजिए । उत्तर-पुस्तिका में दिए गए सही जवाब के बगल वाले अक्षर पर गोलाकार निशान बनाइए । **अंक: १०**

१. भोजन करने से पहले हाथ धोना ------------आदत है ।

क. अच्छा

ख. अच्छे

ग. अच्छी

घ. अच्छें

२. **सूर्य** का पर्यायवाची ------------- है ।

क. भास्कर

ख. सर्प

ग. सुमन

घ. भर्ता

३. क्या ----------- बातों में सच्चाई है ।

क. उनकी

ख. उसके

ग. उनका

घ. उनको

४. ***आँख उठाकर न देखना*** - इस मुहावरे का अर्थ क्या है ?

क. जो ज्यादा करके दोष किसी और को देता है
ख. जो ज्यादा बोलते हैं वे कम काम करते हैं
ग. जो किसी बात को अनदेखा कर देता है
घ. जो किसी को भी न देखता है

५. *"नन्दू ने जवानी पर भाषण दिया,प्रथम आने पर उसे इनाम भी मिलती है।"*
उर्पयुक्त वाक्य में कौन सा शब्द **सर्वनाम** है ।
क. नन्दू
ख. देता
ग. उसे
घ. भाष

६. बेनी माधव साहब को अन्दर -------------- ।
क. बुलाइए
ख. बुलाओ
ग. बुलाइगा
घ. बोलाओ

७. दिए गए कौन सा वाक्य **भविष्य-काल** में है ?
क. लड़कियाँ नाँच रहीं है ।
ख. जून में किसान गन्ना काटेंगे ।
ग. नेहारिका कल रो रही थी
घ. स्वामी जी बात करते-करते थक गए हैं

८. मेरे मित्र--------हाथी घर -------भाग कर जंगल-------छिप गया ।
क. में/से/का
ख. का/से/में
ग. से/ में/ का
घ. का/में/से

९. हमें हमेशा बड़ों की राय ------------- चाहिए ।
क. लेंगे
ख. लेना
ग. लेनी
घ. लेगा

१०. हिन्दी भाषा की जननी --------------- है ।

क. फारसी

ख. संस्कृति

ग. पालि

घ. अपभ्रंश

**ख.दिए गए शब्दों की वर्तनी सुधार कर लिखिए । अंक: २**

१. भिकारी २. व्यकती

३. आवशय ४.स्विकार

**ग. कोष्ठक में दिए गए क्रिया शब्द के सही रूप से रिक्त स्थान को पूरा कीजिए । अंक: ४**

१. सभी लोगों को अपनी वाणी में मिठास ---------चाहिए। (लाओ)

२. अगले साल हम कक्षा दस में चले ----------- । ( जाना )

३. गुरू हमें शिक्षा ------------- हैं । (दे)

४. हर एक देश में किसी न किसी प्रकार की समस्याएँ -------- हैं । (रहे)

**घ. इन वाक्यों में दो गलतियाँ हैं, उन्हें पहचानिए और सही करके लिखिए । अंक: ४**

१. पानी की कोई रंग नहीं होता मगर चाय की रंग लाल होता है ।

२. क्या तुम से मदद मांगने कोई नहीं आती है ।

३.  मेरा मित्र अपने गाय का देखभाल अच्छी तरह से करता है ।

४.  सभी कहते हैं कि गीता की उपदेश हमारी  लिए आवश्यक है ।

**समाप्त**